Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 33 ▫ रायपुर, मंगलवार 24 फरवरी 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98




# कुनकुरी-मनेन्द्रगढ़-दंतेवाड़ा में मेडिकल कॉलेज, अबूझमाड़-जगरगुंडा एजुकेशन सिटी

## बजट में 35 गुना बढ़ोतरी

## पत्नी का पसंदीदा जैकेट पहनकर पहुंचे विधानसभा







**रायपुर,** 24 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ गठन (वर्ष 2000) के बाद से राज्य के बजट में ऐतिहासिक 35 गुना वृद्धि हुई है। छत्तीसगढ़ का बजट 5 हजार करोड़ से 1 लाख 72 हजार करोड़ तक पहुंच गया है। सीएम साय ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा है कि संतुलित विजन से सतत विकास की अप्रतिम यात्रा बढ़ रही है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 1,72,000 करोड़ रुपये का अनुमानित बजट पेश किया गया है।

### संतुलित विजन से विकास की अप्रतिम यात्रा : साय

### बेटियों को 18 साल होने पर 1.50 लाख मिलेगा

छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने साय सरकार का तीसरा बजट पेश किया। 'ज्ञान' और 'गति' के बाद अब 'संकल्प थीम' पर वित्तीय वर्ष 2026 का बजट पेश किया गया। वित्त मंत्री ने कहा है कि छत्तीसगढ़ का बजट 5 हजार करोड़ से 1 लाख 72 हजार करोड़ तक पहुंचा है। इस बार संकल्प थीम पर बजट पेश किया गया है।

छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बजट पेश करने विधानसभा जाने के पहले छत्तीसगढ़ की मिट्टी से तिलक लगाया और छत्तीसगढ़ महतारी का आशीर्वाद लेकर विधानसभा पहुंचे। देश में ये पहला वाक्या था, जब किसी वित्त मंत्री ने अपने प्रदेश की मिट्टी का तिलक लगाकर बजट पेश किया हो। इससे पहले वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अपने बंगले में स्थित मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान उनकी पत्नी अदिति चौधरी भी मौजूद रहीं। खास बात यह है कि वित्त मंत्री अपनी पत्नी का पसंदीदा जैकेट पहनकर बजट पेश कर रहे हैं।

वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण की शुरुआत एक कविता से की-

न चंदन से न कुमकुम से श्रृंगार करा कर आया हूं,<br>
ना रोली से ना बंदन से मस्तक सजा कर आया हूं,<br>
स्वयं ईश्वर भी जो कामना करें वो सौभाग्य जगा कर आया हूं,<br>
मैं अपने छत्तीसगढ़ की माटी का तिलक लगा कर आया हूं..

वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी के प्रस्त बजट की मुख्य बिन्दु इस प्रकार है-

### बजट के प्रमुख बिन्दु

- बेटियों को 18 साल होने पर 1.50 लाख मिलेगा
- मुख्यमंत्री द्रुतगामी सड़क संपर्क योजना के लिए 200 करोड़ का प्रावधान।
- सिंचाई सुविधाओं के विकास के लिए बड़ा कदम।
- कांकेर में किया जाएगा मेडकी बैराज का निर्माण।
- राज्य राजधानी क्षेत्र के विकास के लिए 68 करोड़ का प्रावधान।
- लोक निर्माण विभाग के लिए 9,450 करोड़ रुपये का प्रावधान
- राज्य के विश्वविद्यालयों को अनुदान हेतु 731 करोड़ रुपये का प्रावधान
- दुर्ग, जशपुर, रायपुर, बलौदाबाजार और रायगढ़ स्थित 5 सरकारी महाविद्यालयों में उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना के लिए 15 करोड़ का प्रावधान।
- 25 महाविद्यालय भवनों के निर्माण के लिए 25 करोड़ का प्रावधान।
- महतारी वंदन योजना हेतु 8,200 करोड़ का प्रावधान।
- सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण हेतु ?2,320 करोड़ का प्रावधान।
- आईटीआई और पॉलिटेक्निक संस्थानों के अधोसंरचना उन्नयन के लिए 50 करोड़ का प्रावधान।
- प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु सहायता उड़ान, शिखर, मंजिल 33 करोड़ का प्रावधान।
- धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के लिए 200 करोड़ का प्रावधान।

- बस्तर में नक्सलियों के गढ़ अबूझमाड़ और जगरगुंडा में दो एजुकेशन सिटी को मंजूरी
- दोनों एजुकेशन सिटी के लिए 100 करोड़ का प्रावधान
- बस्तर में पर्यटन को बढ़ावा देने होम स्टे के लिए 10 करोड़ का प्रावधान
- सरगुजा अंचल में मैनपाट में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 5 करोड़ का प्रावधान
- बस्तर और सरगुजा में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने चिकित्सकों की भर्ती
- बस्तर में इंद्रावती में बैराज निर्माण के लिए 2400 करोड़ का प्रावधान
- बस्तर, सरगुजा और दंतेवाड़ा में मेडिकल कॉलेज संचालन के लिए 50 करोड़ राशि का प्रावधान
- बस्तर और सरगुजा विकास विकास प्राधिकरण के लिए 75 करोड़ का प्रावधान
- रायपुर में बनेगा होम्योपैथी कॉलेज
- आयुष्मान योजना के लिए 1500 करोड़ रुपए
- मुख्यमंत्री द्रुतगामी सड़क संपर्क योजना के लिए 200 करोड़ का प्रावधान
- छत्तीसगढ़ में 75 करोड़ की राशि से 250 महतारी सदन बनेंगे.
- जशपुर, मैनपॉट और कोतेबेरा में पर्यटन स्थलों का निर्माण किया जाएगा.
- राजधानी रायपुर में खाद लैब का निर्माण राज्य सरकार की तरफ से होगा.
- कांकेर, कोरबा, महासमुंद में खोले जाएंगे नर्सिंग कॉलेज
- मितानिन कल्याण निधि के लिए 350 करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान
- 10 करोड़ रुपए से मेकाहारा में एआई का उपयोग किया जाएगा.
- 206 गांव को शहरों से जोड़ने के लिए 250 करोड़ का प्रावधान
- रायपुर में अंडरग्राउंड बिजली लाइन के लिए 100 करोड़ का प्रावधान
- रायपुर में खाद लैब का होगा निर्माण
- जल संसाधन विभाग के लिए 3500 करोड़ का प्रावधान
- रायपुर में मेट्रो रेल चलाने के लिए सर्वे एजेंसी तय
- एयरपोर्ट विकास के लिए सीजी वायु योजना के तहत 30 करोड़ का प्रावधान
- नगर पालिका और नगर पंचायत उत्थान के लिए मुख्यमंत्री आदर्श योजना के लिए 200 करोड़ का प्रावधान
- प्रधानमंत्री आवास के लिए 800 करोड़ का प्रावधान
- 4 लाइब्रेरी के लिए 22 करोड़ का अतिरिक्त प्रावधान किया गया है
- सूर्य घर योजना के लिए केंद्रीय अनुदान के अतिरिक्त 400 करोड़ रुपए का प्रावधान
- 5 नालंदा परिसरों के निर्माण के लिए 22 करोड़ रुपए का प्रावधान
- 500 आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण के लिए 42 करोड़ रुपए का प्रावधान
- एडवांस कार्डियाक इंस्टीट्यूट के लिए 10 करोड़ का प्रावधान
- मेडिकल कॉलेज इंटर्न हॉस्टल के लिए 35 करोड़ रुपए
- एनएचएम के लिए 2000 करोड़ रुपए का प्रावधान
- पीडब्ल्यूडी के लिए 9450 करोड़ का प्रावधान
- कालेजों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना
- 25 कालेज भवनों के निर्माण के लिए 25 करोड़ रुपए
- विश्वविद्यालयों के लिए 731 करोड़ रुपए का प्रावधान
- उद्योग विभाग के लिए 1750 करोड़ रुपए का प्रावधान
- 5 शासकीय महाविद्यालय को सेंट्रल ऑफ़ एक्सीलेंस बनाने के लिए 15 करोड़ रुपए का प्रावधान
- मेगा परीक्षा केन्द्रों की स्थापना के लिए 25 करोड़ का प्रावधान किया गया है
- छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी के विस्तार के लिए बजट में प्रावधान
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विस्तार के लिए 20 करोड़ का प्रावधान
- नीट क्लेट परीक्षा में आर्थिक मदद के लिए 35 करोड़ का प्रावधान
- मुख्यमंत्री शिक्षा सहयोग योजना के लिए 10 करोड़ का प्रावधान
- आगामी वर्षों में व्यापम क्षमता विस्तार के लिए प्रावधान
- सूचना प्रौद्योगिकी एआई सेंटर स्थापना के लिए 35 करोड़ का प्रावधान
- मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना के लिए पाँच हज़ार करोड़ का प्रावधान
- पेंशन योजनाओं के लिए 1422 करोड़ का प्रावधान
- गुड़ और नमक वितरण के एक हजार करोड़ का प्रावधान
- दुर्ग, रायपुर और बिलासपुर में सीजीआईटी खोले जाने का प्रस्ताव

# सदन में गूंजा अवैध मोबाइल टावरों का मुद्दा



**रायपुर,** 24 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन की कार्यवाही में प्रश्नकाल के दौरान भाजपा विधायक सुशांत शुक्ला ने बिलासपुर जिले में अवैध रूप से लगाए गए मोबाइल टावरों का मुद्दा सदन में उठाया। विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि बिलासपुर जिले में कई जगहों पर अवैध टावर लगाए गए हैं। इस पर जवाब देते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि लिखित में दे दीजिए, परीक्षण करा लेंगे। विधायक सुशांत शुक्ला ने पूछा कि मोबाइल टावर लगाने के लिए आवेदन किस विभाग द्वारा स्वीकार किया जाता है, कितने आवेदन किस-किस सेवा प्रदाता कंपनी से मिले हैं।

इस पर जवाब देते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि मोबाइल टावर लगाने के लिए भारत सरकार के दूरसंचार विभाग द्वारा विकसित 'राइट ऑफ वे' पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाते हैं। सुशांत शुक्ला ने आगे सवाल किया कि वर्ष 2024 से जनवरी 2026 तक कितने आवेदन प्राप्त हुए और कितनों को अनुमति की गई? मुख्यमंत्री ने बताया कि 426 आवेदन आए थे, जिनमें से 18 को अनुमति जारी की गई है। वहीं 246 आवेदन निजी भूमि से संबंधित होने पर संबंधित सेवा प्रदाता को सुचना दी गई है। इसके बाद विधायक सुशांत शुक्ला ने पूछा कि अवैध टावर पर कब और क्या कार्रवाई होंगी? इस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि मामले की लिखित में जानकारी देने के बाद जांच की जाएगी।

# 5 करोड़ का गांजा जब्त, कंटेनर के गुप्त चैंबर में छिपाकर हो रही थी तस्करी



**कवर्धा,** 24 फरवरी (हाईवे चैनल)। मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कबीरधाम पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। तस्कर कंटेनर में गुप्त चैंबर बनाकर अवैध रूप से गांजा परिवहन कर रहा था। इसकी सूचना पर थाना चिल्फी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए करीब 5 करोड़ रुपये का गांजा जब्त किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नागालैंड पासिंग एक कंटेनर के माध्यम से भारी मात्रा में गांजा ओडिशा से राजस्थान की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश के सीमावर्ती थाना चिल्फी क्षेत्र में घेराबंदी कर संदिग्ध कंटेनर को रोका गया। तलाशी के दौरान वाहन में बनाए गए विशेष गुप्त चैंबर से 30-30 किलो की 30 बोरियों में भरा हुआ गांजा बरामद किया गया। कुल जब्त मादक पदार्थ का वजन करीब 9 क्विंटल (900 किलोग्राम) बताया जा रहा है।

पुलिस के अनुसार जब्त गांजे की अनुमानित बाजार कीमत लगभग 5 करोड़ रुपये आंकी गई है। वहीं तस्करी में प्रयुक्त कंटेनर की कीमत करीब 50 लाख रुपये बताई गई है, जिसे भी जब्त कर लिया गया है। मौके से पुलिस ने आरोपी आयाज खान (निवासी भरतपुर, राजस्थान) को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी यह खेप ओडिशा से राजस्थान ले जा रहा था। पुलिस आरोपी से विस्तृत पूछताछ कर तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटाने में लगी है। इस बड़ी कार्रवाई को जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है। एसपी धर्मेंद्र सिंह ने स्पष्ट किया है कि मादक पदार्थ तस्करी में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# सड़क पर दौड़ती मौत : सदन में भाजपा विधायक सुनील सोनी ने उठाया सड़क दुर्घटनाओं से जुड़ा मुद्दा




### परिवहन मंत्री ने कहा- बीते 1 वर्ष में हुई 6898 मौतें, दुर्घटनाओं को रोकने उठाए जा रहे लगातर कदम

छत्तीसगढ़ में सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला लगातार जारी है. अब दुर्घटना नहीं बल्कि दुर्घटना में मरने और घायल होने वालों की संख्या लोगों को कचोटती है. भाजपा विधायक सुनील सोनी ने लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं पर सदन में परिवहन मंत्री केदार कश्यप को घेरा. छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र के दूसरे दिन प्रश्नकाल के दौरान भाजपा विधायक सुनील सोनी ने बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं से जुड़ा मुद्दा उठाया. भाजपा विधायक ने पूछा कि बीते 1 वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में कितनी मौतें हुई है? रोकथाम के लिए क्या मास्टर प्लान है? इस पर परिवहन मंत्री केदार कश्यप ने बताया कि बीते साल में 6898 मौतें हुई हैं. सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे हैं. राजधानी रायपुर में यातायात बेहतर किया जा रहा है. इसके साथ राजधानी में सुगम यातायात के मुद्दे पर घेरा विधायक ने परिवहन मंत्री को घेरा. सुनील सोनी ने पूछा कि राजधानी में कितनी सिटी बसें चल रही हैं? सस्ता परिवहन राजधानीवासियों को क्यों मिल रहा है? इस पर परिवहन मंत्री केदार कश्यप जवाबनहीं दे पाए कहा- जानकारी लेके उपलब्ध कराऊंगा.

# आपसी रंजिश में पड़ोसी ने मां-बेटे और नाती को उतारा मौत के घाट, 2 की हालत नाजुक



**सारंगढ़-बिलाईगढ़,** 24 फरवरी (हाईवे चैनल)। जिले के ग्राम झाल से एक सनसनीखेज और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां आपसी रंजिश के चलते एक ही परिवार को निशाना बनाते हुए उन पर जानलेवा हमला किया गया। इस खूनी हमले में महिला, उसके बेटे और नाती की बेरहमी से हत्या कर दी गई। वहीं महिला का पति और बहू गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। दोनों की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रायगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, वारदात को अंजाम देने का आरोप पड़ोस में रहने वाले रिश्तेदार पर लगा है। बताया जा रहा है कि दोनों परिवारों के बीच लंबे समय से आपसी विवाद चल रहा था, जिसने अंतत: हिंसक रूप ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही डोंगरीपाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की विस्तृत जांच जारी है। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों में भय और आक्रोश देखा जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले के हर पहलू से जांच की जा रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।